न्यायालय अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका।

अर्जेन्ट वाद संख्या–09 / 2023 धारा 144द0प्र0स0

दुर्गा कोरवा वनाम नन्ह कुमार कोरवा वगैरह

आदेश

S. No.	Date of order of proceeding	Order with signature of the court	Office action taken with date
	15/04/023	(see below)	

अभिलेख उपस्थापित।

यह वाद अंचल अधिकारी, चिनियाँ के जॉच प्रतिवेदन के आधार पर यह प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया है। भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :–

ग्राम	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकबा ए0 में	उ0	द0	पू0	प0
चिनियाँ	19	864	1.24	रास्ता	मंशी लोहरा	प्रथम पक्ष	बसुदेव यादव

प्रथम पक्षकार कथन है कि वर्तमान हाल सर्वे में प्रश्नगत भूमि कईल कोरवा पिता राजाराम कोरवा के नामें खतियानी रैयत दर्ज है। इस खाता 19 के अन्तर्गत प्लॉट 864 में रकबा 1.24 एकड़ दर्ज है। कईल कोरवा खतियानी रैयत व करमु कोरवा भाई थे दोनो के पिता राजाराम कोरवा थे। ग्राम बेलरी उर्फ चिनियाँ का हाल सर्वे खतियान में करमु कोरवा पिता राजा राम कोरवा के नामे खाता 25 का है दाखिल है। यह स्पष्ट है कि कईल कोरवा व करमु के एक ही पिता थे। खतियानी रेयत कईल कोरवा की नावल्द मृत्यु हो गई। कईल कोरवा के भतीजा 1. गोधल कोरवा प्रथम पक्ष क्र0 1. दुर्गा कोरवा के पिता तथा 2. बुटाई कोरवा प्रथम पक्ष क्र0 2 छोटेलाल कोरवा के पिता द्वारा सेवा किया एवं क्रिया क्रम भी किया गया। कईल कोरवा की सम्पति के ये दोनो अधिकार में आयें एवं दखल काबिज रहते हुए खेतिबारी 25 वर्षो से किए। इनके पुत्र प्रथम पक्ष भी जोत कोड में रहते एवं जो कोड़ करते आ रहे है। प्रथम पक्ष द्वारा सरकारी रसीद भी कटाते आ रहे है। वर्तमान हाल सर्वे के अनुसार यह भूमि प्रथम पक्ष के बाबा की है तथा इसी आधार पर मांग भी स्थापित है एवं रसीद निर्गत हो रही है। तथा प्रथम पक्ष 25 वर्षो से निर्विवाद रूप से दखल काबिज एवं जोत–कोड में चले आ रहे है। राजस्व उप निरीक्षक द्वारा दिनांक 05.01.2023 को राजस्व अंचल निरीक्षक ने अपने जॉच में स्पष्ट किया है कि स्थल जॉच एवं राजस्व कागजातों का अवलोकन में पाया कि प्रश्नगत भूमि 20–25 वर्षो से प्रथम पक्षकार का कब्जा चला आ रहा है। अन्त में अनुरोध करते है कि वाद में जारी प्रारंभिक निषेधाज्ञा प्रथम पक्ष से हटाते हुए निषेधाज्ञा द्वितिय पक्षकार के विरूद्ध आत्यांतिक करने की कृपा की जाय।

द्वितीय पक्षकार का कथन है कि वाद में वर्णित भूमि का पुराना खाता संख्या 124 / 36 प्लॉट संख्या 803 / 1377 रकबा 1.20 एकड़ भूमि कईल कोरवा, रामबदन कोरवा, नकु कोरवा तीनों भाईयों के नामे मौजा चिनियां के पुराना मांग पंजा II के पृष्ठ संख्या 2 / II पर चलता है तथा वर्तमान में भी कईल कोरवा के नामे हाल सर्वे में खतियान बना है। जिसका खाता संख्या 19 प्लॉट संख्या 864 रकबा 1.24 एकड़ दर्ज है। प्रथम पक्ष के द्वारा द्वितिय पक्ष संख्या 2 शिवकुमार कोरवा पिता स्व0 रामपति कोरवा 3. नन्हकु कोरवा पिता तपेश्वर कोरवा 4. सुरेश कोरवा पिता लटन कोरवा को उक्त भूमि से कोई सरोकार नहीं है उक्त भूमि का एक मात्र उतराधिकारी नन्द कुमार कोरवा है और शांतिपूर्ण रूप से दखल कब्जा में चले आ रहे है एवं अपने मन मोताबिक उपयोग करते चले आ रहे हैं अन्त में अनुरोध करते है कि उक्त वाद को खरीज करने की कृपा की जाए। धारा 144 द0प्र0स0 की समय अवधि समाप्त हो गई है इसलिए वाद की कार्यवाई की समाप्त की जाती है।

15-4-23

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
रंका।

Digitally signed by RAM NARAYAN SINGH
Date: 2023.10.13 13:09:21 +05:30
Location: 10.93.21.244